**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in

# नियमित आधार पर उप–प्रबंधक – आंतरिक लेखा परीक्षा (विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारी) की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: CRPD/SCO-DM(IA)/2018-19/08**

**1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण एवं शुल्क का ऑनलाइन भुगतान : 04.12.2018 से 28.12.2018 तक**
**2. ऑनलाइन परीक्षा की तिथि (संभावित) : 27.01.2019**
**3. ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लैटर डाउनलोड करने की संभावित तिथि: 05.01.2019 से**

भारतीय स्टेट बैंक नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग में उप–प्रबंधक (आंतरिक लेखा परीक्षा) के पद हेतु नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

कृपया ध्यान रखें कि

1. आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दी गई हो.
2. **आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए पात्रता मापदंड को पूरा करते हैं. ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रवेश प्रलेखों के सत्यापन के बिना पूर्ण रूप से अंनतिम होगा. साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा, के लिए अभ्यर्थी को यदि बुलाया जाता है, तो मूल प्रति के साथ विवरणों / प्रलेखों के साथ सत्यापन किया जायेगा.**
3. **यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा के लिए बुलाया जाता है, और उसके द्वारा पात्रता मापदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव आदि) को पूर्ण नहीं किया जाता है, तो उसे न तो साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी और न ही वह किन्हीं यात्रा व्ययों आदि की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा / होगी.**
4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें. आवश्यक होने पर कॉल लेटर / सूचना मात्र ई–मेल द्वारा भेजी जाएगी. (हार्ड प्रति नहीं भेजी जाएगी).
5. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ पाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
6. **इस कार्यालय** को आवेदन और अन्य प्रलेखों की हार्ड प्रतियां **न भेजें.**
7. **सभी संशोधन / शुद्धि पत्र बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.**
8. **अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों के विवरण और स्कैनिंग व अपलोडिंग संबंधी दिशा–निर्देश अनुलग्नक में दिए गए हैं.**

**रिक्तियाँ एवं पद के संबंध में अन्य विवरण निम्नानुसार हैं :**

| पद | श्रेणी | रिक्तियाँ | | | | | आयु (वर्ष) **30.09.2018** को | | शैक्षणिक योग्यता | शैक्षणिक योग्यता पश्चात अनुभव, 31.10.2018 को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | कुल | न्यूनतम | अधिकतम | मूल : | |
| उप–प्रबंधक (आंतरिक लेखा परीक्षा) | एमएमजीएस-II | 20 | 6 | 2 | 11 | 39 | 21 | 35 | इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से चार्टर्ड अकाउंटेन्सी (सीए)<br>**वरीयता :** सीआईएसए | बैंकों के वैधानिक / आंतरिक / सहवर्ती लेखा परीक्षा में संबद्ध किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म में / के साथ न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव. क्रेडिट एक्सपोज़र के साथ किसी बैंक में रोजगार वांछनीय है.<br>सीए फर्मों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए फर्मों द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र / अन्य के लिए बैंकों से संबद्धता पत्र की प्रति, आवश्यक होगी.<br>**आवश्यक विशिष्ट कौशल : एमएस ऑफ़िस में कार्य करने का ज्ञान** |

- कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत होने के बाद किसी भी स्तर पर श्रेणी को बदलने की अनुमति नहीं होगी.
- उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने हेतु पीडब्ल्युडी अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं होंगे, क्योंकि यह पद गहन क्रेडिट लेखापरीक्षाधीन खातों को संभालने के लिए है और चुने गए अधिकारी को बार–बार संपूर्ण भारत / विदेश में यात्रा करने की आवश्यकता होगी.

**कार्य की रूपरेखा :**

- बैंक के आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के निर्देश पर भारत या विदेश में स्थित बैंक की शाखाओं / कार्यालयों और / या इसकी अनुषंगियों / सहयोगियों / जेवी का लेखा परीक्षा संचालित करना;
- लेखा परीक्षा की खोजों के साथ लेखा परीक्षा गतिविधियों के लिए प्रतिवेदन तैयार करना;
- प्रबंधन और / या बोर्ड स्तरीय समितियों को प्रतिवेदित करने हेतु ज्ञापन / प्रतिवेदन तैयार करना;
- कोई अन्य कार्य जो बैंक द्वारा सौंपा जाए.

**संक्षिप्ताक्षर:**

**श्रेणी**: अजा – अनुसूचित जाति, अजजा – अनुसूचित जनजाति, अपिव – अन्य पिछड़ा वर्ग,

**परिलब्धियाँ :**

| पद | श्रेणी | वेतनमान |
|---|---|---|
| उप–प्रबंधक (आंतरिक लेखा परीक्षा) | मध्य प्रबंधन वेतनमान श्रेणी ।। (एमएमजीएस ।।) | 31705-1145/1-32850-1310/10-45950 |

श्रेणी के लिए लागू वेतनमान को ऊपर दिया गया है. अधिकारी समय–समय पर प्रभावी नियमों के अनुसार डीए, एचआरए, सीसीए, पीएफ, कॉन्ट्रीब्यूटरी पेन्शन फंड, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा आदि के लिए पात्र होंगे.

मोबइल ड्यूटी पर नियुक्त लेखा परीक्षकों को अपने परिवार को उनकी पसंद के स्थान पर रखने की अनुमति होगी.

दौरे पर जाते समय, लेखा परीक्षक अपनी पात्रता के अनुसार यात्रा एवं आवास व्ययों की पूतिपूर्ति हेतु पात्र हैं और वे अपनी श्रेणी/केन्द्र पर लागू अनुसार विराम भत्ते के लिए पात्र हैं.

**अन्य शर्तें :**

ए) प्रशिक्षण : चुने गए प्रत्याशी 12 माह तक की अवधि के लिए संस्थागत और ऑन–जॉब प्रशिक्षण के अधीन होंगे, जिसके पूर्ण होने पर उन्हें शाखा / कार्यालय अंकेक्षण का स्वतंत्र कार्यभार प्रदान किया जाएगा.

बी) पार्श्व गतिविधि : भर्ती होने वाले प्रत्याशियों पर, अपने उसी कार्य परिवार को जारी रखते हुए, प्रशासकीय अनिवार्यताओं के आधार पर अन्य कार्यक्षेत्रों में कार्य करने हेतु विचार किया जा सकता है.

सी) पदोन्नति अवसर : प्रत्याशी बैंक में विद्यमान रोजगार विकास योजना के आधार पर अंकेक्षण विभाग में बैंक के विशेषज्ञ अधिकारियों हेतु पदोन्नति नीति के अनुसार पदोन्नति के पात्र होंगे.

डी) रोजगार का प्रकार : स्थाई आधार पर नियमित

ई) परिवीक्षा : चुने गए प्रत्याशी 12 माह की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगे, जिसके पूर्ण होने पर वे इस संवर्ग में अंतर्लीन होंगे.

**नोट:**

1. ऐसे अभ्यर्थी जो ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु छूट के लिए पात्र नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' के रूप में दर्शाना चाहिए.
2. बताई गई अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियों के लिए है. ऊपरी आयु में छूट उपर्युक्त वर्णित अनुसार उपलब्ध होगी.
3. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.

**1. योग्यता मापदंड :**

**शैक्षणिक योग्यता / अनुभव : पद के प्रति दिए गए विवरण.**

(i) इस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. अभ्यर्थियों के पास 31.10.2018 को शैक्षणिक योग्यता और संबंधित पद के पात्रता अनुभव होना चाहिए.

(ii) ऊपरी आयु सीमा में छूट

| क्रमांक | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर राज्य के अधिवासी रहे थे. | 5 वर्ष |

**टिप्पणी : आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.**

**2. चयन प्रक्रिया :**

(i) अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा के आधार पर होगा. यह परीक्षा संभावित रूप से **27.01.2019** को आयोजित होगा. परीक्षा का कॉल लैटर बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और साथ ही अभ्यर्थियों को एसएमएस व ई–मेल के माध्यम से भी भेजा जाएगा. अभ्यर्थियों को कॉल लैटर डाउनलोड करना होगा. यह परीक्षा अहमदाबाद, बदोदरा, बैंगलोर, भोपाल, रायपुर, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, जम्मू, श्रीनगर, चेन्नई, मदुराई, गुवाहाटी, हैदराबाद / सिकंदराबाद, विशाखापट्टनम, कोलकाता / ग्रेटर कोलकाता, लखनऊ, वाराणसी, मुंबई / ग्रेटर मुंबई / थाने / नवी मुंबई, नागपुर, पुणे, देहरादून, जयपुर, नई दिल्ली / दिल्ली एनसीआर, पटना, राँची, एर्नाकुलम और त्रिवेंद्रम केंद्रों पर आयोजित हो सकता है.

अभ्यर्थियों को उस केन्द्र के नाम का चुनाव करना होगा, जहाँ वह परीक्षा में उपस्थित होना चाहता / चाहती है. परीक्षा केन्द्र के चयन में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा. **यद्यपि, बैंक किसी केन्द्र को शामिल करने या हटाने और अभ्यर्थी को उसके द्वारा चुने गए केन्द्र के अलावा कोई अन्य केन्द्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

परीक्षा; परीक्षा का स्वरूप

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| i. | तर्कज्ञान परीक्षा | 50 | 50* | 90 मिनट |
| ii. | गुणात्मक कौशल | 35 | 35* | |
| iii. | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35* | |
| iv. | व्यावसायिक जानकारी | 50 | 100 | 60 मिनट |

* पातत्रा हेतु और मेरिट सूची बनाने के लिए इसकी गनना नही की जायेगी.

परीक्षा ऑनलाइन होगा. अगर आवेदनों की संख्या कम रहती है, तो बैंक परीक्षा और साक्षात्कार के बजाय शार्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थी(अभ्यर्थियों) के चयन पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

ए) व्यावसायिक जानकारी के पत्र को छोड़कर, अन्य पत्र योग्यता प्रकृति के होंगे. अभ्यर्थियों को इन पत्रों में न्यूनतम योग्यता अंक लाने होंगे. न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित किए अनुसार होंगे या इन्हें बैंक के विवेकाधिकार पर छोड़ा जा सकता है. प्रश्न दो भाषाओं में, यानी हिन्दी और अंग्रेजी में होंगे. अभ्यर्थियों के समक्ष प्रश्नों के उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में देने का विकल्प होगा (अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर).

बी) साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा के लिए शार्ट–लिस्ट होने हेतु पात्रता के लिए अभ्यर्थियों को पीके परीक्षण हेतु बैंक द्वारा तय किए जाने वाले निर्दिष्ट अंकों के समकक्ष या उससे अधिक लाने होंगे, जिसके साथ अन्य परीक्षाओं में न्यूनतम पात्रता अंकों के समकक्ष या उससे अधिक लाने होंगे.

सी) अभ्यर्थियों को चयन के लिए विचाराधीन होने हेतु साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा में न्यूनतम पात्रता अंकों (बैंक द्वारा निर्धारित) के समकक्ष या उससे अधिक लाने होंगे.

**साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा :** साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा हेतु बैंक द्वारा निर्धारित किए अनुसार पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा. सामुहिक चर्चा के 20 अंक होंगे और साक्षात्कार के 30 अंक होंगे. यदि सामुहिक चर्चा आयोजित नहीं होती है तो ऐसी स्थिति में साक्षात्कार के 50 अंक होंगे. साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा में पात्रता अंक बैंक द्वारा निर्धारित किए अनुसार होंगे. सामुहिक चर्चा का संचालन बैंक के विवेकाधिकार पर छोड़ा जा सकता है.

**मेरिट लिस्ट :** साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा में अभ्यर्थियों द्वारा 50 अंकों में से प्राप्त किए गए अंकों को 25 अंकों में से प्राप्त किए अनुसार रूपांतरित किया जाएगा. अंतिम मेरिट सूची 100 अंकों के व्यावसायिक जानकारी परीक्षा के समेकित अंकों और साक्षात्कार / सामुहिक चर्चा के 25 अंकों में प्राप्त किए गए रूपांतरित अंकों (कुल 125 अंक) के बाद आएगी. चयन प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष मेरिट प्राप्त अभ्यर्थियों में से किया जाएगा.

टिप्पणी : एक से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने की स्थिति में (निर्दिष्ट बिंदु पर सामान्य अंक), ऐसे अभ्यर्थियों को चयन सूची में अवरोही क्रम में उनकी आयु के अनुसार श्रेणीबद्ध किया जाएगा.

3. **नियुक्ति का स्थान :** बैंक में भर्ती हुए अभ्यर्थियों को बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यों को करने हेतु लेखापरीक्षा विभाग में रखा जाएगा. लेखापरीक्षा के लिए भर्ती किए गए अधिकारी आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, हैदराबाद में तैनात होंगे और वे मोबाइल ड्यूटी पर होंगे. उन्हें लेखापरीक्षा संबंधी उद्देश्यों से भारत एवं विदेश की यात्रा करने की आवश्यकता हो सकती है.

4. **आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस न करने योग्य)**

| क्रमांक | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1 | अजा/अजजा | 100/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2 | सामान्य और अन्य | 600/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

5. **आवेदन कैसे करें**

विस्तृत दिशा–निर्देशों / प्रक्रिया के लिए

(ए) आवेदन पंजीकरण (बी) शुल्क का भुगतान (सी) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन तथा अपलोड. बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** – भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारी की भर्ती को देखें.

6. **परीक्षा / साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर्स:**

अ. अभ्यर्थी बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण नंबर एवं पासवर्ड / जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर और 'एक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें. कॉल लेटर / एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका डाक से नहीं भेजी जाएगी.

ब. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर / सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. हार्ड प्रति नहीं भेजी जाएगी.

7. **परीक्षा के समय पहचान–पत्र जमा कराना:** अभ्यर्थी अपने साथ एक फोटो पहचान प्रमाण जैसे पासपोर्ट / आधार / पैन कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस / मतदाता कार्ड / चार्टर्ड अकाउंट संस्थान द्वारा जारी पहचान पत्र की मूल प्रति, और उसकी स्वत: अनुप्रमाणित फोटोकापी भी लेकर आएं. पहचान–प्रमाण की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी, ऐसा न करने पर या अभ्यर्थी की पहचान पर संदेह होने पर उस अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

8. **कदाचार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई:** अभ्यर्थियों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें / संलग्न न करें जो असत्य, जाली / बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

यदि लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है :

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या (iv) अभ्यर्थी के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

अ) साथ ही जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.

ब) साथ ही भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

9. बैंक अभ्यर्थी के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूंढने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ / वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

10. **उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

(i) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ–साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

(ii) अभ्यर्थियों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन / पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

(iii) अभ्यर्थियों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

11. **सामान्य सूचना:**

(i) अभ्यर्थियों ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उस पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में संतुष्टि करें. ऐसे सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी और आवश्यक फीस का भुगतान करने पर ऑन लाइन परीक्षा में शामिल होने की बैंक अनुमति देगा और साक्षात्कार / समूह चर्चा के समय पात्रता को निर्धारित करेगा.

(ii) जो अभ्यर्थी सरकार / अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

(iii) चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

(iv) अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. अभ्यर्थियों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

(v) अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में घोषणापत्र देना होगा कि वह दिनांक 01.12.2018 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था.

'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले अभ्यर्थियों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दिनांक 01.04.2018 से साक्षात्कार की तिथि तक जारी किया हुआ प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

(vi) अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन / अक्षमता / फेलियर की स्थिति बन जाए. इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए.

(vii) पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

(viii) अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार जो अन्य आवेदन के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. अभ्यर्थी की ऑनलाइन परीक्षा और / साक्षात्कारमें अनेक बार उपस्थिति / प्रकटन मान्य नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी.

(ix) परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा / अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ, तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

x. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों पर खरा नहीं उतरता / उतरती है तो और / या यह कि उसने गलत / झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं, तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है.

xi. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपना ई–मेल आईडी चालू रखें ताकि उन्हें कॉल लेटर / साक्षात्कार संबंधी जानकारी आदि प्राप्त हो सके.

xii. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो.

xiii. पात्रता, परीक्षा आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा.

xiv. इस विज्ञापन के और / या इसके जवाब में आए आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे / विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xv. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

xvi. साक्षात्कार के समय पर, अभ्यर्थी को उनके प्रति बकाया आपराधिक मामले(लों), यदि कोई हों, के संबंध में विवरण उपलब्ध कराना होगा. बैंक द्वारा स्वतंत्र सत्यापन भी किया जाएगा, जिसमें पुलिस अभिलेखों का सत्यापन शामिल है. बैंक ऐसे प्रकटीकरणों और / या स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर नियुक्ति अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

स्थान: मुंबई

दिनांक: 04.12.2018

**महाप्रबंधक**

## अनुलग्नक

## फोटोग्राफ (4.5 से.मी. x 3.5 से.मी.) और हस्ताक्षर स्कैनिंग और उनको अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश

**अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i) आईडी प्रमाण (पीडीएफ).

ii) जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ).

iii) शैक्षणिक योग्यता: संबंधित अंक तालिका / सीए प्रमाणपत्र (पीडीएफ).

iv) अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ).

v) जाति प्रमाण–पत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ).

vi) संक्षिप्त जीवन वृत्त (डीओसी या डीओसीएक्स).

**प्रलेख फाइल टाइप / आकार:**

i. जीवन वृत्त डीओसी या डीओसीएक्स प्रारूप में हो और बाकी के सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.

ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है, तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिजोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजन करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के पास निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज होना आवश्यक होगा.

**फोटोग्राफ इमेज :**

- फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए.
- पिक्चर रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी रंगीन पार्श्वभूमि पर होनी चाहिए.
- स्वस्थ चित्त होकर कैमरे की ओर सीधे देखें.
- यदि फोटो सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हो, जिससे आपका फोटो साफ आए.
- अगर आपको फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
- अगर आप चश्मे का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए चश्मे पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सैल (वरीयतः)
- फाइल का साइज 20 केबी–50 केबी के दरम्यान हो.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई फोटो की साइज 50 केबी से अधिक न हो. उसके बाद स्कैनर का सेटिंग समायोजित इस तरह करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.

**हस्ताक्षर इमेज :**

- अभ्यर्थी सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार का हो, और किसी अन्य व्यक्ति का हस्ताक्षर न हो.
- हस्ताक्षर का उपयोग कॉल लेटर पर या अन्यत्र जहाँ जरूरी हो, किया जाएगा.
- परीक्षा के समय यदि उत्तर पुस्तिका (आन्सर) पर किए हुए अभ्यर्थी के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से नहीं मिलते, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयतः)
- फाइल की साइज 10 केबी–20 केबी हो.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन किए हुए हस्ताक्षर का आकार 20 केबी से अधिक न हो.
- कैपिटल अक्षरों में किया गया हस्ताक्षर स्वीकृत नहीं होगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग :**

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- असली कलर सेटिंग करें.
- फाइल साइज, जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है.
- फोटोग्राफ / हस्ताक्षर इमेज स्कैनर पर रखें, तत्पश्चात अपलोड एडिटर की मदद से इमेज को अंतिम साइज में लाएं (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है).
- प्रतिमा की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फारमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम image01.jpg अथवा image01.jpeg इमेज के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.
- एमएस विन्डोज / एमएस ऑफिस इस्तेमाल करने वाले अभ्यर्थी फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में जो क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो, एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर की मदद से आसानी से कर सकते हैं. किसी भी फारमैट में उपलब्ध स्कैन्ड फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में 'सेव एज' विकल्प चुनकर फाइल मेनू में सेव किया जा सकता है और फोटो का साइज 50 केबी से कम और हस्ताक्षर का साइज 20 केबी से कम साइज में लाया जा सकता है. इसके लिए क्रॉप का और रिसाइज विकल्प 'इमेज मेन्यू' में करें (पिक्सैल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त बिंदु 1. और 2. देखें). इसी तरह का विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.
- यदि फाइल साइज एवं फारमैट निर्धारित मानदंड के अनुसार नहीं है, तो त्रुटि संदेश (error) नजर आएगा.
- ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवार को उसका फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए लिंक उपलब्ध कराया जाएगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की क्रियाविधि:**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक होंगे.
- संबंधित लिंक पर 'अपलोड फोटोग्राफ / हस्ताक्षर' क्लिक करें.
- स्कैन्ड फोटो / हस्ताक्षर फाइल जहाँ पर 'सेव' की गई हो, वह स्थान ढूँढ़कर सिलेक्ट करें.
- क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
- 'ओपन / अपलोड' बटन पर क्लिक करें

**आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि आप फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को निर्दिष्ट तरीके से अपलोड नहीं करते हैं.**

**नोट:**

**1)** यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर साफ नहीं दिख रहा है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकृत हो सकता है. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ / हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद उम्मीदवार को एक बार देख लेना चाहिए कि चित्र स्पष्ट हैं और ठीक तरीके से अपलोड किए गए हैं. फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई न देता हो, तो फॉर्म को जमा करने से पहले, उम्मीदवार अपने आवेदन में संशोधन कर सकता है तथा अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकता है.

**2)** ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद उम्मीदवार को अपने सिस्टम द्वारा जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंटआउट अपने पास रखने की सलाह दी जाती है.

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर भी उपलब्ध है.

प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.